Title: Need to set up a National Electricity Authority for rural electrification.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : सभापति महोदय, ग्रामीण क्षेत्रों में, घरों में बिजली के उपयोग की हालत बहुत ही दयनीय है। आजादी के 50 साल बीतने के बाद आज भी 50 प्रतिशत से कम परिवार बिजली का घरों में उपयोग कर पाते हैं तथा उन्हें बिजली की उपलब्धता तो और भी दयनीय है। उन्हें औसतन दो चार घन्टे ही बिजली मिल पा रही है। इसका मुख्य कारण है, राज्य बिजली बोर्डों की दयनीय आर्थिक स्थिति और उनकी अकुशलता । इन बिजली बोर्डों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों को बिजली के उपयोग से लाभान्वित नहीं किया जा सकता है।

भारत गावों का देश हैं। अतः ग्राम के विकास के बिना देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राष्ट्रीय स्तर पर एक ग्रामीण बिजली प्राधिकरण की अलग से स्थापना करें और उसे ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों को बिजली उपलब्ध कराने का दायित्व सौंपें।